भारत सरकार
युवा कार्यक्रम और खेल मंत्रालय
(खेल विभाग)

लोक सभा

तारांकित प्रश्न संख्या 374

उत्तर देने की तारीख 19 मार्च, 2020
29 फाल्गुन, 1941 (शक)

राष्ट्रमंडल निशानेबाजी और तीरंदाजी प्रतियोगितायें

374. श्री श्रीरंग आप्पा बारणेः
श्री बिद्युत बरन महतोः

क्या युवा कार्यक्रम और खेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या भारत जनवरी, 2022 में राष्ट्रमंडल निशानेबाजी और तीरंदाजी प्रतियोगिताओं की मेजबानी करने जा रहा है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ख) क्या इस संबंध में सभी हितधारकों के साथ परामर्श किया गया है, यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं;

(ग) उक्त प्रतिस्पर्धाओं के लिए आवश्यक अवसंरचना सुविधाओं का ब्यौरा क्या है और इन अवसंरचना सुविधाओं को पूर्ण करने के लिए नियत समय-सीमा क्या है;

(घ) देश में आवश्यक खेल-कूद अवसंरचना सुविधाओं को विकसित करने तथा उक्त खेलों को आयोजित करने में अपेक्षित अनुमानित निधि का ब्यौरा क्या है; और

(ङ) क्या उक्त कदम से राष्ट्रमंडल खिलाड़ियों को विश्व मंच पर प्रतिस्पर्धाओं में भाग लेने के लिए अधिक अवसर मिलने की संभावना है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर

युवा कार्यक्रम और खेल राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार)
(श्री किरेन रीजीजू)

(क) से (ङ) : एक विवरण सभा पटल पर रख दिया गया है ।

****

राष्ट्रमंडल निशानेबाजी और तीरंदाजी प्रतियोगिताओं के संबंध में श्री श्रीरंग आप्पा बारणे और श्री बिद्युत बरन महतो द्वारा दिनांक 19.03.2020 के लिए पूछे गए लोक सभा तारांकित प्रश्न संख्या 374 के भाग (क) से (ङ) के उत्तर में संदर्भित विवरण ।

(क) और (ख) : निशानेबाजी और तीरंदाजी राष्ट्रमंडल खेल परिसंघ (सीजीएफ) के संविधान के अंतर्गत अनिवार्य खेल विधा नहीं हैं और इन्हें बर्मिंघम 2022 राष्ट्रमंडल खेलों में शामिल नहीं किया गया । तथापि, सरकार ने बर्मिंघम 2022 राष्ट्रमंडल खेल में "निशानेबाजी" को शामिल करने के मुद्दे को बर्मिंघम 2022 राष्ट्रमंडल खेल की आयोजन समिति तथा यूनाइटेड किंगडम सरकार में संबंधित प्राधिकारियों के साथ लगातार उठाया । इस मंत्रालय, भारतीय ओलंपिक संघ (आईओए) और नेशनल राईफल एसोसिएशन ऑफ इंडिया के संयुक्त प्रयासों से सीजीएफ ने बर्मिंघम 2022 राष्ट्रमंडल खेल से पहले "निशानेबाजी" और "तीरंदाजी" खेल स्पर्धाओं को भारत में आयोजित करने के लिए इस आशय के साथ सहमति दे दी है कि इन खेल विधाओं के पदकों को राष्ट्रमंडल खेल के XXII वें संस्करण की अंतिम पदक तालिका में वैध माना जाएगा । ये स्पर्धाएं चंड़ीगढ़ में जनवरी, 2022 में आयोजित की जाएंगी ।

(ग) और (घ) : इस मंत्रालय से सैद्धांतिक अनुमोदन प्राप्त करने के लिए आईओए ने स्थल/अवसंरचना सुविधाओं को छोड़कर भारत में "निशानेबाजी" और "तीरंदाजी" के आयोजन के लिए क्रमश: लगभग 10.00 करोड़ रु. और 3.50 करोड़ रु. की अनुमानित लागत का उल्लेख किया है । निशानेबाजी और तीरंदाजी प्रतियोगिताओं के लिए प्रतियोगिता स्थल जिनमें 50 मीटर, 25 मीटर, 10 मीटर आदि की शूटिंग रेंज और रिकर्व तथा कंपाउंड प्रतियोगिताओं के लिए तीरंदाजी मैदान शामिल हैं, की आवश्यकता होगी । नेशनल राईफल एसोसिएशन ऑफ इंडिया के अनुसार चंड़ीगढ़ संघ राज्यक्षेत्र प्रशासन स्वयं मौजूदा शूटिंग रेंज और सुविधाओं का उन्नयन करके अंतरराष्ट्रीय स्तर का बना रहा है और इस कार्य के पूरा होने की अनुमानित समय सीमा 12 महीने है तथा इन सुविधाओं का उपयोग राष्ट्रमंडल निशानेबाजी चैंपियनशिप 2022 में किया जाएगा ।

(ङ) राष्ट्रमंडल निशानेबाजी और तीरंदाजी चैंपियनशिपों की मेजबानी से भारतीय खिलाड़ियों को घरेलू मैदान पर अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिता में भाग लेने का अवसर मिलेगा ।

****